संचिका संख्या–01/स्था०राज०–363/2025–
बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

प्रेषक,

**अरूण कुमार,**
अवर सचिव।

सेवा में,

**प्रभारी पदाधिकारी,**
वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– नवंबर, 2025

विषय :– **श्री गौतम कुमार पटेल, सहायक निदेशक (शष्य), मुख्यालय, कार्यालय संयुक्त निदेशक (शष्य), ईख विकास बिहार, पटना का दिनांक–07.09.2025 से 06.10.2025 तक प्रभार रहित अवधि का विनियमन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कृषि विभाग की अधिसूचना संख्या–4142 दिनांक–06.09.2025 के क्रमांक–74 द्वारा बिहार कृषि सेवा, कोटि–1 (शष्य) समूह–'ख' मूल कोटि के पदाधिकारी श्री गौतम कुमार पटेल की सेवा गन्ना उद्योग विभाग मे सौपी गई। जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा के कार्यालय आदेश ज्ञापांक–2148 दिनांक–06.09.2025 के अपराह्न से गन्ना उद्योग विभाग में योगदान करने हेतु विरमित किया गया। श्री गौतम कुमार पटेल द्वारा दिनांक–08.09.2025 पूर्वाह्न को गन्ना उद्योग विभाग में योगदान समर्पित किया गया।

गन्ना उद्योग विभाग के अधिसूचना संख्या–1528 दिनांक–06.10.2025 क्रमांक–9 द्वारा श्री गौतम कुमार पटेल, को सहायक निदेशक (शष्य), मुख्यालय, कार्यालय–संयुक्त निदेशक (शष्य), ईख विकास बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया। श्री गौतम कुमार पटेल, द्वारा सहायक निदेशक (शष्य), मुख्यालय, कार्यालय–संयुक्त निदेशक (शष्य), ईख विकास, बिहार, पटना का प्रभार दिनांक–07.10.2025 के पूर्वाह्न में ग्रहण किया गया है।

अतएव वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में श्री गौतम कुमार पटेल, सहायक निदेशक (शष्य), मुख्यालय, कार्यालय संयुक्त निदेशक (शष्य) ईख विकास, बिहार, पटना का दिनांक–07.09.2025 से 06.10.2025 तक कुल 30 (तीस) दिनों के प्रभार रहित अवधि को निम्न रूपेण विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

(i) दिनांक–07.09.2025 एक दिन पारगमन काल के रूप मे। (एक दिन)

(ii) दिनांक–08.09.2025 से 06.10.2025 तक 29 (उन्नतीस) दिन पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि के रूप में।

2. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति एवं प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह०/–
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज–363/2025– /पटना, दिनांक– नवंबर, 2025**

प्रतिलिपि– महालेखाकार बिहार पटना/कोषागार पदाधिकारी, विकास भवन न्यू सचिवालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज–363/2025–1722 /पटना, दिनांक–12 नवंबर, 2025**

प्रतिलिपि– विभागीय लेखा शाखा/श्री गौतम कुमार पटेल, सहायक निदेशक (शष्य), मुख्यालय कार्यालय, संयुक्त निदेशक (शष्य), ईख विकास, बिहार, पटना/श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/11/2025

अवर सचिव।